# सीएम ने आईआईएम में किया सुशासन वाटिका का शुभारंभ

## मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ वाटिका में किया मौलश्री के पौधे का रोपण

**रायपुर@पत्रिका.** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को आईआईएम रायपुर में चिंतन शिविर 2.0 में शामिल हुए। साथ ही शिविर के पहले दिन की शाम आईआईएम परिसर में सुशासन वाटिका का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सुशासन वाटिका में मौलश्री के पौधे का रोपण किया।

साय के साथ सुशासन वाटिका में उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा सहित मंत्रिमंडल के तमाम सहयोगियों ने पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रोफेसर राम कुमार कांकाणी भी मौजूद थे।

**यह है मौलश्री वृक्ष की विशेषताएं:** मौलश्री एक सुगंधित फूलों वाला वृक्ष है जो भारतीय उपमहाद्वीप, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में



पाया जाता है। यह एक सदाबहार वृक्ष है जो सामान्यतः 10-15 मीटर तक ऊंचा होता है। इस के फूल छोटे, सफेद या हल्के पीले रंग के, अत्यंत सुगंधित होते हैं। रात के समय इनकी महक और भी तेज होती है। मौलश्री वृक्ष के औषधीय गुण भी होते हैं और इसका उपयोग कई तरह की समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। पारंपरिक रूप से इसे मंदिरों के आसपास और घरों के आंगन में लगाया जाता है।

Patrika 09-06-20205 Pn-03